प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सहायक महानिदेशक, पशु विज्ञान, द्वारा फ्रिजवाल परियोजना का मूल्यांकन

पन्तनगर। 16 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली), मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल का क्षेत्रीय स्तर पर डा. जी.के. गौर, सहायक महानिदेशक, पशु विज्ञान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा फ्रिजवाल परियोजना का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में परियोजना के दो कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों (बरा एवं सितारगंज) के 5 गॉवों में 15 पशुपालकों के यहां फ्रिजवाल पशुओं के मूल्यांकन के साथ पशुपालकों से परियोजना से मिलने वाले विभिन्न लाभों पर जानकारी ली।

सहायक महानिदेशक, पशुपालन द्वारा परियोजना के अन्तर्गत बछियों की बृद्धि, दुग्ध उत्पादन व अन्य ऑकड़ों की सराहना की गयी। सहायक महानिदेशक, पशुपालन द्वारा परियोजना की टीम परियोजना अधिकारी डा. सी.बी. सिंह, सह–परियोजना अधिकारी डा. ब्रजेश सिंह, डा. रिपुसुदन कुमार, श्री शिवांशु तिवारी, वरिष्ठ शोध अध्येता, कुमारी अराधना फुलार, यंग प्रोफेशनल कृत्रिम गर्भाधान कर्ता श्री राम मोहन एवं श्री विक्रम सिंह के उत्साहवर्धन के साथ अच्छे परियोजना के परिणाम के लिए बधाई दी एवं उक्त परियोजना के प्रसार और अधिक बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

पशुपालकों को पशु संबंधित सामग्री वितरित करते अधिकारी।

निदेशक संचार